दिनांक : 22.04.2026 समय : 07.10PM

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
सांध्यकालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार

- प्रदेश कैबिनेट का बड़ा फैसला, किसानों को जमीन अधिग्रहण पर अब मिलेगा बाजार दर से 4 गुना मुआवजा
- पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार का भरोसा- देश में ईंधन और गैस की सप्लाई पर कोई असर नहीं
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रद्धालुओं से की अपील, चारधाम यात्रा में रखें सफाई, न करें प्लास्टिक का इस्तेमाल
- जल संरक्षण में प्रदेश की चर्चा, जल शक्ति मंत्रालय की रैंकिंग में डिंडोरी देश में पहले और खंडवा दूसरे नंबर पर

अब समाचार विस्तार से...

**एमपी कैबिनेट बैठक**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रि-परिषद बैठक में ऐतिहासिक फैसला लेते हुए ग्रामीण कृषि भूमि अधिग्रहण पर मुआवजे का मल्टीप्लीकेशन फैक्टर 1.0 से बढ़ाकर 2.0 कर दिया गया है। यानी अब किसानों को जमीन की बाजार दर से चार गुना मुआवजा मिलेगा। यह फैसला सड़क, बांध, रेलवे और सिंचाई जैसी परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित होने वाली कृषि भूमि पर लागू होगा। कैबिनेट ने सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा और सड़क जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर कामों के लिए करीब 33 हजार 985 करोड़ रुपये की मंजूरी भी दी, जिसमें लोक निर्माण विभाग के लिए 25 हजार 164 करोड़, स्वास्थ्य और मेडिकल एजुकेशन के लिए 5 हजार 479 करोड़ और स्कूली बच्चों को मुफ्त साइकिल देने की योजना जारी रखने के लिए 990 करोड़ रुपये शामिल हैं। फैसलों की जानकारी देते हुए राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने बताया।

## तेल और गैस की आपूर्ति सामान्य

पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर नई दिल्ली में हुई अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में पेट्रोलियम मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल और नेचुरल गैस की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने बताया कि कल 45 लाख से ज्यादा एलपीजी बुकिंग हुईं, करीब 51 लाख घरेलू सिलेंडर बांटे गए और 8 हजार टन से अधिक कमर्शियल एलपीजी की बिक्री भी हुई।

## पीएम- केदारनाथ यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के नाम पत्र लिखकर कहा है कि केदारनाथ समेत चार धाम की यात्रा भारत की संस्कृति और एकता का प्रतीक है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि धार्मिक स्थलों पर सफाई रखें, नदियों को प्रदूषित न करें और सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बिल्कुल न करें। इसके अलावा सिविल सेवकों को लिखे पत्र में प्रधानमंत्री ने अपील की है कि वे अपना हर प्रयास विकसित भारत के निर्माण के लक्ष्य को ध्यान में रखकर करें। उन्होंने सिविल सेवकों की लगातार सीखने और अपनी क्षमता बढ़ाने की प्रतिबद्धता की सराहना भी की।

## केदारनाथ धाम

उत्तराखंड में श्री केदारनाथ धाम के कपाट आज सुबह शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार और "हर-हर महादेव" के उदघोष के साथ श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। केदारनाथ दर्शन के इच्छुक श्रद्धालु उत्तराखंड पर्यटन विभाग की वेबसाइट पर पहले से पंजीकरण कराकर ही यात्रा पर जा सकते हैं।

**भारत-ब्रिटेन मुलाकाल**

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने ब्रिटेन दौरे पर वहां के CDS एयर चीफ मार्शल सर रिचर्ड नाइटन से मुलाकात की। दोनों देशों ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में साइबर खतरों समेत तमाम चुनौतियों से मिलकर निपटने और सुरक्षा मजबूत करने पर सहमति जताई।

**जल संरक्षण**

जल शक्ति मंत्रालय की आज जारी हुई रैंकिंग में प्रदेश के डिंडोरी जिले ने देशभर में पहला और खंडवा ने दूसरा स्थान हासिल किया है। डिंडोरी में 1 लाख 23 हजार से ज्यादा और खंडवा में 87 हजार से अधिक जल संरक्षण संरचनाएं बनाई गई हैं, जबकि पूरे प्रदेश में अब तक करीब 3 लाख 97 हजार से ज्यादा ऐसी संरचनाएं तैयार हो चुकी हैं। प्रदेश में 19 मार्च से 30 जून तक चल रहे "जल गंगा संवर्धन अभियान" के तहत खेत तालाब, बोरवेल रिचार्ज सिस्टम और रूफटॉप वर्षा जल संचयन जैसे काम तेजी से किए जा रहे हैं।

**समर्थ भारत कॉन्क्लेव- राज्यपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में पांचवें "समर्थ भारत कॉन्क्लेव" का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कौशल आधारित सामाजिक उद्यमिता ही विकसित भारत की असली राह है। उन्होंने कहा कि इस कॉन्क्लेव को शिक्षा और रोजगार के बीच की खाई पाटने का मंच बनाया जाए और स्वच्छता, जल संरक्षण, लैंगिक समानता व पर्यावरण जैसी चुनौतियों के व्यावहारिक हल खोजे जाएं।

**पीएम इंटर्नशिप स्कीम**

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का दायरा बढ़ा दिया है। अब ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन के आखिरी साल के 18 से 25 साल के छात्र भी PMIS पोर्टल

पर देश की टॉप कंपनियों में पेड इंटर्नशिप के लिए अप्लाई कर सकते हैं। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय का कहना है कि अप्लाई करते वक्त छात्रों को अपने कॉलेज या यूनिवर्सिटी से NOC देनी होगी, जिसमें यह लिखा हो कि इंटर्नशिप से पढ़ाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**ट्रैक मेंटेनर्स सम्मेलन- रेल मंत्री**

नई दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में AIRF द्वारा आयोजित अखिल भारतीय ट्रैक मेंटेनर्स सम्मेलन में देशभर से तीन हजार से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ट्रैक मेंटेनर्स के काम को बेहद जरूरी बताते हुए उनकी सुरक्षा, काम के हालात और भलाई को सबसे ऊपर रखने का भरोसा दिलाया।

**भारतीय साइबर अपराध- चेतावनी**

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र और गृह मंत्रालय ने Android यूजर्स के लिए अलर्ट जारी किया है। सरकार ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक से APK फाइल डाउनलोड न करें। ऐप्स सिर्फ गूगल प्ले स्टोर से ही इंस्टॉल करें और किसी भी ऐप को बिना सोचे-समझे Accessibility जैसी संवेदनशील परमिशन न दें।

**मौसम**

अब बात मौसम की। प्रदेश में विदर्भ की तरफ से आ रही गर्म हवाओं ने झुलसाना शुरू कर दिया है और खजुराहो में पारा 43°C तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने

कल के लिए रायसेन, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा समेत कई जिलों में लू का यलो अलर्ट जारी किया है और पारा 44°C पार होने की चेतावनी दी है। ग्वालियर-चंबल संभाग में 42 से 44 डिग्री, भोपाल में 40 से 42 डिग्री और इंदौर-उज्जैन संभाग में भी लू का तेज असर रहने का अनुमान है। हालांकि 23 अप्रैल से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से तापमान में 1-2 डिग्री की मामूली गिरावट आने की उम्मीद है।

**आईपीएल**

आईपीएल में आज शाम 7:30 बजे लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच खेला जाएगा। पॉइंट्स टेबल में राजस्थान 6 में से 4 जीत के साथ चौथे स्थान पर है, जबकि लखनऊ सिर्फ 2 जीत के साथ नौवें पायदान पर है।

<u>समाचार संक्षेप में :–</u>

- **झाबुआ** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज कलेक्टर की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों और अंतर्विभागीय समन्वय बैठक हुई।
- विश्व मातृभूमि दिवस के अवसर पर **खंडवा** के रामनगर स्थित एक निजी पैरामेडिकल कॉलेज में राज्य आनंद संस्थान द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- **मन्दसौर** जिले में अब तक 19 हजार से अधिक परिवारों ने ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी स्व-गणना पूरी कर ली है। स्व-गणना के तहत मंदसौर जिले ने मध्यप्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है
- **धार** जिले में आधार नामांकन और अपडेशन की प्रक्रिया को आम नागरिकों के लिए और अधिक सुगम बनाने हेतु डाक विभाग द्वारा 25 अप्रैल को विशेष आधार कैंपों का आयोजन किया जा रहा है।
- **नीमच** जिले में पाँच स्थानों पर निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर एवं मातृ शिशु पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

- **सागर** में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में गेंहूँ उपार्जन अवधि 15 अप्रैल से 31 मई के दौरान पड़ोसी राज्यों से उपार्जन केन्द्रों पर लाई जाने वाली उपज की अवैध विक्री रोकने हेतु चैक पोस्ट लगाये जाने के संबंध में समस्त अनुविभागीय अधिकारी को कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए है।
- **बैतूल** कलेक्टर ने प्रभातपट्टन क्षेत्र के ग्रामों का सघन भ्रमण कर विभिन्न शासकीय योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का जायजा लिया।
- **उमरिया** में आयोजित तीन दिवसीय पुस्तक मेले का शुभारंभ कलेक्टर ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न पुस्तक स्टॉलों का अवलोकन किया।
- **आगरमालवा** में जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत जल दिवस के अवसर पर जिले के ग्राम आवर में आऊ नदी उद्‌गम स्थल पर जल संगोष्ठी आयोजित की गई।
- **देवास** जिले में समाज को स्वस्थ एवं सेहत के प्रति जागरूक करने के उद्‌देश्य से पोषण पखवाड़े का आयोजन 09 से 23 अप्रैल तक किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभिन्न तरह की गतिविधियां हो रही है।